ये उप-मण्डल खोले जाते हैं :—

(1) **महाप्रबन्धक, जबलपुर के अधीन**
सीवन तार उप-मण्डल ।

(2) **निदेशक, दूरसंचार, रायपुर के अधीन**
कंकेर तार उप-मण्डल

(3) **निदेशक दूरसंचार, भोपाल के अधीन**

झबूआ तार उप-मण्डल ।
होशंगाबाद तार उप-मण्डल ।
देवास टेलीफोन उप-मण्डल ।
रतलाम टेलीफोन उप-मण्डल ।
रायसेन तार उप-मण्डल ।
नागदा तार उप-मण्डल ।

**उत्तर प्रदेश में टेलीफोन कनेक्शनों की प्रतीक्षा सूची**

1480. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में, विशेष रूप से इलाहाबाद में, 30 जून, 1991 तक कितने व्यक्तियों के नाम टेलीफोन कनेक्शन प्राप्त करने की प्रतीक्षा सूची में दर्ज हैं, और

(ख) उन्हें कब तक टेलीफोन कनेक्शन दे दिए जाने की सम्भावना है ?

**संचार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) :**(क) उत्तर प्रदेश में 30-6-91 तक प्रतीक्षा सूची में दर्ज किए गए व्यक्तियों की संख्या 99,805 है और इलाहाबाद में यह संख्या 4761 है ।

(ख) आठवीं योजना प्रारूप इस उद्देश्य से तैयार किया गया है ताकि आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक 5000 लाइनों से कम क्षमता वाले टेलीफोन एक्सचेंजों में मांग होने पर टेलीफोन प्रदान किए जा सकें तथा 5000 और उससे अधिक लाइनों की क्षमता वाले एक्सचेंजों में प्रतीक्षा सूची को एक वर्ष तक सीमित किया जा सके । इस उद्देश्य के साथ, 8वीं योजना अवधि के दौरान प्रतीक्षा सूची को उत्तरोत्तर निपटाने के लिए विस्तार योजनाएं तैयार की जा रही है । जहां तक इलाहाबाद का संबंध है, वर्ष 1991-92 में लगभग 3000 टेलीफोन कनेक्शन दिए जाने और शेष कनेक्शन तदुपरान्त उत्तरोत्तर प्रदान किए जाने की संभावना है ।

**शहीद सुमन देव के सम्मान में स्मारक डाक टिकट**

1481. **श्री सत्य प्रकाश मालवीया** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गढ़वाल, उत्तर प्रदेश के एक स्वतंत्रता सेनानी शहीद सुमन देव के सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट जारी करने के प्रस्ताव के संबंध में सरकार का क्या इरादा है; और

(ख) ऐसी डाक टिकट के कब तक जारी कर दिए जाने की सम्भावना है ?

**संचार मंत्रालय में उपमंत्री श्री पी० वी० रंगैया नायडू :** (क) और (ख) शहीद देव सुमन पर डाक टिकट जारी करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है । तथापि, श्री सुमन देव के सम्मान में एक डाक टिकट जारी करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है । स्मारक/विशेष डाक टिकट जारी करने और अन्य संबंधित मामलों पर सलाह देने के लिए विभाग में कार्य कर रही फिलैटलिक सलाहकार समिति की 12-11-84, 22-5-87 और 22-12-88 को हुई बैठकों में यह प्रस्ताव समिति के विचारार्थ रखा गया था लेकिन समिति ने इसकी सिफारिश नहीं की । अतः फिलहाल इनके सम्मान में स्मारक डाक टिकट जारी करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।